This question paper contains 8+4 printed pages]

*आपका अनुक्रमांक*....................

**2684**

**B.A. (Programme)/II/III** **D-I**

HINDI LANGUAGE (A)—Paper II

हिंदी भाषा (क)-प्रश्नपत्र-II

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10,10

(क) अरी वरुणा की शांत कछार

तपस्वी के विराग की प्यार !

सतत व्याकुलता के विश्राम, अरे ऋषियों के कानन कुंज।

जगत नश्वरता से लघु त्राण, लता, पादप, सुमनों के पुंज ।

तुम्हारी कुटियों में चुपचाप, चल रहा था उज्ज्वल व्यापार।

स्वर्ग की वसुधा से शुचि सन्धि, गूँजता था जिससे संसार।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ? इसके कवि का नाम लिखिए ।

(*ii*) 'उज्ज्वल व्यापार' का आशय स्पष्ट कीजिये ।

(*iii*) 'स्वर्ग की वसुधा से शुचि सन्धि, गूँजता था जिससे संसार' की व्याख्या कीजिये ।

(*iv*) वसुधा और सुमन शब्दों के **दो-दो** पर्याय लिखिए।

(ख) उपसर्ग, धातु और प्रत्यय इनसे हमारे शब्द बनते हैं । यह हमारे भवन-निर्माण की ईंटें हैं । यदि हम यह समझ लें तो मैं कहूँगा कि एक घंटे में दो सौ शब्द सीखे जा सकते हैं और यह मैं सिखा सकता हूँ । यह एक अद्‌भुत बात होगी, पर कब ? जब हमें शब्दों का विश्लेषण

समझ में आ जाएगा । हिंदी का प्रत्येक शब्द विश्लेष्य है । उसका विश्लेषण किया जा सकता है । विश्लेष्यता हिंदी की शक्ति है । नए शब्द-निर्माण करने के लिए और उनका ठीक से प्रयोग करने के लिए यह सहायक शक्ति है। यदि आप यह समझ जाएँगे तो उसमें सौन्दर्य बढ़ जाएगा।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम लिखिए ।

(*ii*) लेखक ने भवन-निर्माण की ईंटें किसे कहा है और क्यों ?

(*iii*) 'विश्लेष्यता हिंदी की शक्ति है'–इसका आशय स्पष्ट कीजिये ।

(*iv*) 'उपसर्ग' तथा 'प्रत्यय' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) दरअसल उत्तराधिकार सम्बन्धी सारे कानूनों की जड़ में पुरुष वर्चस्ववादी पुरानी परम्परा अभी भी गहरे पैठी हुई है। परिवार और पूँजी का सम्पूर्ण स्वामित्व और नियंत्रण मर्दों के हाथों में होने के कारण, समाज और राजसत्ता के सभी क्षेत्रों में स्त्रियों की स्थिति न के बराबर है । निर्णय लेने के प्रायः सभी मुख्य केन्द्रों पर मर्दों का सर्वाधिकार सुरक्षित है, जिसकी वजह से स्त्री के हिस्से में सिर्फ एक अँधेरा कोना ही बचा रह गया है । समय के साथ आवश्यक बदलाव न होने से मध्यवर्गीय संयुक्त परिवार ही नहीं, बल्कि एकल परिवार भी टूट रहे हैं ।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके रचनाकार का नाम लिखिए ।

(*ii*) समाज और राजसत्ता में स्त्रियों की नगण्य स्थिति के क्या कारण हैं ?

(*iii*) 'स्त्री के हिस्से में सिर्फ एक अँधेरा कोना ही बचा रह गया है'–आशय स्पष्ट कीजिये ।

(*iv*) मध्यवर्गीय संयुक्त परिवार और एकल परिवार टूटने के क्या कारण हैं ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) 'मुझको न मिला रे कभी प्यार' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) 'तूफान के विजेता' के आधार पर बंगवासियों के संघर्ष का वर्णन कीजिये ।

(*iii*) बाज़ार को सार्थकता प्रदान करने के लिए किस गुण का होना ज़रूरी है ?

(बाज़ार-दर्शन)

(*iv*) 'देश विवेक और आवेश की एक संयुक्त संतान है'– भारत के संदर्भ में इस लेखकीय वक्तव्य का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(गहरी नींद के सपनों में बनता हुआ देश)

(*v*) 'मैं हार गई' कहानी में निहित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट कीजिए।

3. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) ब्रज भाषा का सामान्य परिचय 5

(*ii*) मानक लिपि की विशेषताएँ 5

(*iii*) राजभाषा के रूप में हिंदी की स्थिति । 5

4. निम्नलिखित अपठित अंश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'सृष्टि के केन्द्र में मनुष्य है तथा जगत् की सारी वस्तुएँ मनुष्य के लिए बनी हैं', ऐसी सेमेटिक धर्मों की मान्यता है । इसके विपरीत भारतीय धार्मिक विश्वास यह मानकर चलते हैं कि इस जगत् के केन्द्र में एक चेतना है । यही चेतना सारे जगत् में अनुस्यूत है । हम वृक्षों, जीव-जंतुओं तथा पक्षियों की रक्षा कर इस परम चेतना से स्वयं को जोड़ते हैं ।

मनुष्य प्रकृति से जितना दूर होता जा रहा है, उतना ही दुखी होता जा रहा है । सारे संसाधनों व समृद्धि के बावजूद अकेलापन, कुंठा, संत्रास, उदासीनता आदि का शिकार होकर हिंसक हो उठा है ।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

(*ii*) मनुष्य के दुख का क्या कारण है ? 3

(*iii*) सेमेटिक धार्मिक मान्यता और भारतीय धार्मिक मान्यता में क्या अन्तर है ? 3

(*iv*) गद्यांश का सार अपने शब्दों में लिखिए । 3

5. हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

A strategy that you can apply today to improve your personal discipline is to keep a vow of silence for one hour a day over the next seven. Don't speak at all during this silence time. Or if you must, speak only in direct response to a question and offer a clear, crisp answer rather than rattling on about everything from what was on TV last night to where you hope to vacation

this summer. The vow of silence can be adopted politely and warmly. The idea is to make you stronger and to enhance your will, not to hinder your relationships. Within a matter of days, you will feel a sense of mastery and strength growing within you. Judge by the results : They will speak for themselves.

6. निम्नलिखित संवादों को कथांश में बदलिए : 10

तिष्यरक्षिता : प्रणाम करती हूँ भंते ।

उपगुप्त : (अभ्यस्त) सुखी रहो देवी ! क्या महाराज नहीं हैं?

तिष्यरक्षिता : भंते, वीर पुरुष घर पर नहीं रहते । रणक्षेत्र ही उनका घर है ।

उपगुप्त : देवि, रणक्षेत्र हृदय को शांति नहीं दे सकता। तथागत ने कहा है-अहंकार और ईर्ष्या का नाश करो । यह युद्ध अधिकार-लिप्सा है, इसका अंत नहीं है देवी ।

तिष्यरक्षिता : महात्मन् ! आपका उपदेश महाराज के कानों तक पहुँचा ?

उपगुप्त : देवि, महाराज नीतिकुशल हैं । मेरी बातें सुनते हैं । मुस्कराकर कहते हैं—आप थक गए होंगे भंते, विश्रामगृह आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

तिष्यरक्षिता : महात्मन् यह युद्ध बंद होना चाहिए । मैं इस अत्याचार को सहन नहीं कर सकती ।

उपगुप्त : देवि, इस अत्याचार को कौन सहन कर सकता है ? एक लाख आदमी तो रणक्षेत्र में मर गए । तीन लाख घायल हुए हैं, जो एक लाख के पथ का अनुसरण करना चाहते हैं । देवि, रक्त की नदियाँ बह निकली हैं, जो महानदी की समानता करने को अग्रसर हैं । कलिंग राज्य के घर फूल की पंखुड़ियों की तरह गिर रहे हैं ! देवि ! तुम कुछ नहीं कर सकतीं ?

7. (i) शब्द–शक्ति का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए 'अभिधा' शब्द–शक्ति का परिचय दीजिए । 4

(ii) 'हर एक छाती में आत्मा अधीरा है,

प्रत्येक सुस्मित में विमल सदानीरा है'– का लक्ष्यार्थ स्पष्ट कीजिये । 4

(*iii*) पैसा पावर है । पर उसके सबूत में आस-पास माल-टाल न जमा हो तो क्या वह खाक पावर है । पैसे की 'पर्चेजिंग पावर' के प्रयोग में ही पावर का रस है—व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिये । 4

8. (*i*) एकभाषी कोश और द्विभाषी कोश में अंतर स्पष्ट कीजिये । 4

(*ii*) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

असहिष्णु, अंश, चेतना, राष्ट्र, प्रतीक, धर्मनिरपेक्ष, शांत, संस्कृति ।